BCM SCHOOL BASANT AVENUE DUGRI LUDHIANA

CLASS-lll HINDI ASSIGNMENT

प्र0-1 किसने- किससे कहा ?

1) दादा ! हमारा जीवन तो संकट में है।

सभी पेड़ों ने बरगद

2) यह वर्षा का पानी मुझे गला देगा।

ढेले ने पत्ते

3) हाँ, मैं आपके साथ चलूँगी ।

पार्थ ने माँ

प्र0-2 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए।

1)पशु –पक्षी क्यों भागने लगे ?

तेज़ हवा और धूल मिट्टी के कारण सभी जानवर भागने लगे।

2)कौन- कौन से पेड़ बरगद दादा के पास आते हैं ?

आम, नीम, अनार आदि पेड़ बरगद दादा के पास आते हैं

3)पार्थ क्यों उदास हो गया ?

क्योंकि उसकी दादी बीमार थी।

प्र0-3 वाक्य को शुद्ध करके लिखिए-

1) दोनों मित्रों ने बचा लिए एक- दूसरे को ।

दोनों मित्रों ने एक- दूसरे को बचा लिया।

2) चारों ओर धूल ही धूल हो गया ।

चारों ओर धूल ही धूल हो गई।

प्र0-4 निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए।

1) उदास- दुखी

मेरा दोस्त बहुत उदास है।

2) लाभ- फ़ायदा

मेरे पिता जी को काम में बहुत लाभ हुआ।

प्र0-5 नीचे दिए गए चित्र को देखकर पाँच पंक्तियाँ लिखिए।



यह चित्र एक पार्क का है।

इस चित्र में दो बच्चे झूला झूल रहे हैं।

पार्क में सुंदर फूल खिले हुए हैं।

आसमान में चिड़िया उड़ रही है।

यह चित्र मुझे बहुत पसंद है।